प्रेस नोट

दिनांक 16.08.2023

कार्यालय पुलिस थाना बनाड जोधपुर पूर्व

नकबजनी की घटना का खुलासा

शातिर नकबजन फारूक उर्फ जानीणा उर्फ दातला गिरफ्तार

घटनाः— दिनांक 06.08.2023 को प्रार्थी श्री नवील सिद्की निवासी एकतानगर रमजान हत्था नान्दडी पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर ने उपस्थित थाना होकर एक लिखित रिपोर्ट इस आशय कि पेश की कि दिनांक 12.07.2023 को मैं मेरी माता श्रीमती फिरदोश बेगम का देहान्त हो गया था। इसलिये सम्पूर्ण परिवार स्टेडियम स्थित पुश्तैनी मकान में रह रहा था। दिनांक 19.07.2023 को मै औरी मेरी मौसी आवश्यक समान लेने पर एकता नगर स्थित मकान पर आये थे तो मकान के अन्दर वाले दरवाजा का ताला टूटा हुआ मिला और घर के अन्दर समान बिखरा हुआ मिला। मकान का ताला तोङकर अज्ञात चोरों ने घर में प्रवेश कर अलमारी के ताले तोङकर सोने चांदी के जेवरात आभूषण व नकदी चोरी हो गयी वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अज्ञात मुलजिमान की तलाश शुरू कि गई।

कार्यवाही पुलिसः—श्रीमान् रविदत्त गौड़ पुलिस आयुक्त महोदय के द्वारा जोधपुर शहर हो रही लगातार नकबजनी/चोरी की वारदातों की घटनाओं की गंभीरता को मध्यनजर रखते हुए वारदातों का खुलासा करने के निर्देशों की पालना में डॉ. अमृता दुहन पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व व श्रीमान नाजिम अली आरपीएस अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व के निर्देशन में तथा श्रीमान पीयूष कविया आरपीएस सहायक पुलिस आयुक्त मण्डोर जोधपुर पूर्व के निकटतम सुपर विजन में मन् थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह नि0पु0 पुलिस थाना बनाड़ के नेतृत्व में आसूचना अधिकारी श्री राजेन्द्र कानि 1870 के द्वारा आसूचना संकलन व वर्तमान में प्रयुक्त तकनीकी साधनों का उपयोग करते हुए पता किया गया तो जोधपुर शहर के दो सदिग्ध व्यक्तियों की नकबजनी के वारदात के स्थान व समय पर उपस्थिती पाई गयी जिस पर आसूचना संकलन कर जोधपुर शहर के सदिग्ध नकबजनों के नाम पता की मालूमात की गई तो वक्त नकबजनी फारूक उर्फ जानीणा उर्फ दातला पुत्र श्री बुन्दु खां उम्र 23 साल जाति कायमखानी मुसलमान निवासी शिप हाउस कायमखानी हास्टल के पास नागौरी गेट हाल– कबीर नगर राजा चौक कायलाना चौराया के ऊपर पुलिस थाना सूरसागर जोधपुर पशचिम की घटना स्थान पर उपस्थिती पायी गई। जिस पर थाना हाजा से टीम को सदिग्धो की तलाश व दस्तयाब हेतु जोधपुर शहर भेजा गया। जिस पर टीम द्वारा सदिग्ध फारूक उर्फ जानीणा उर्फ दातला को तलाश कर दस्तयाब किया गया व बाद दस्तयाबी पूछताछ की गई तो फारूक उर्फ जानीणा उर्फ दातला तथा एक अन्य साथी के साथ मिलकर पुलिस थाना बनाड़ हल्का क्षेत्र में नकबजनी की वारदात करना स्वीकार किया। फारूक उर्फ जानीणा उर्फ दातला को प्रकरण संख्या 243/23 की वारदात स्वीकार करने पर बाद अनुसंधान गिरफतार किया है। जिसमें माल मसरूका कि बरामदगी के प्रयास व अनुसंधान जारी है।

तरीका वारदातः—आरोपी फारूक उर्फ जानीणा उर्फ दातला आले दर्जे का बदमाश हैं जो लगातार अपने साथियों के साथ मिलकर वारदातों को अंजाम देते है। आरोपी फारूक उर्फ जानीणा उर्फ दातला नशीडी व आदतन अपराधी है। जोधपुर शहर में सुने मकानों मे रैंकी कर बन्द मकानों के बाहर गेट पर लगा ताला देखकर अपने साथियों के साथ मिलकर ताला तोडकर नकबजनी करते है। आरोपीयो के खिलाफ पूर्व में जोधपुर शहर के विभिन्न थानों में अनेक मुकदमे दर्ज होकर चालान सुदा है।

मुलजिम का नाम पताः—

फारूक उर्फ जानीणा उर्फ दातला पुत्र श्री बुन्दु खां उम्र 23 साल जाति कायमखानी मुसलमान निवासी शिप हाउस कायमखानी हास्टल के पास नागौरी गेट हाल– कबीर नगर राजा चौक कायलाना चौराया के ऊपर पुलिस थाना सूरसागर जोधपुर पशचिम

गठित टीमः–

1–श्री सुरेन्द्रसिंह नि.पु. थानाधिकारी पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर पूर्व
2–श्री राउराम उनि पुलिस थाना बनाड जोधपुर पूर्व ग
3–श्री परसाराम सउनि पुलिस थाना बनाड जोधपुर पूर्व
4–श्री नरपतरात हैड कानि 1643 पुलिस थाना बनाड जोधपुर
5–श्री राजेन्द्र कानि0 1870 आसूचना अधिकारी पुलिस थाना बनाड जोधपुर पूर्व।
6–श्री महेशचन्द्र कानि 1347 पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर पूर्व
7–श्री हनुमानसिंह बेनिवाल कानि0 2259 पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर पूर्व
8–श्री हुकमाराम कानि 2361 पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर पूर्व
9–श्री रामपाल कानि व श्री भंवराराम पटेल कानि अभय कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल जोधपुर

अन्य सहयोगी टीमः–

1 श्री कन्हैयालाल उनि प्रभारी डीएसटी जोधपुर पूर्व
2 श्री राकेशसिंह सउनि साईबर सैल जिला जोधपुर पूर्व
3 श्री ओमाराम हैड कानि डीएसटी जोधपुर पूर्व
4 श्री देवाराम हैड कानि डीएसटी जोधपुर पूर्व
5 श्री गिरवरसिंह कानि डीएसटी जोधपुर पूर्व
6 श्री प्रकाश कानि डीएसटी जोधपुर पूर्व
7 श्री किशनसिह डीएसटी जोधपुर पूर्व
8 श्री जयराम कानि चालक डीएसटी जोधपुर पूर्व
9 श्री देवेन्द्र कानि साईबर सैल जोधपुर पूर्व

नोटः–नकबजनी का खुलासा व आरोपीयो की दस्तयाबी में कानि राजेन्द्र सिलारी 1870 आसुचना अधिकारी पुलिस थाना बनाड़, कानि हनुमानसिंह बेनिवाल 2259 व श्री हुकमाराम कानि 2361 पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर पूर्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

भवदीय
एसडी/–
थानाधिकारी
पुलिस थाना बनाड़
जोधपुर पूर्व